# आवश्यक निर्देश

परिषदीय परीक्षा हाईस्कूल/इण्टर वर्ष 2021 कोविड–19 के कारण निरस्त होने से वर्ष 2021 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल तैयार करने हेतु विद्यालय स्तर एवं सम्बन्धित केन्द्र स्तर पर निर्माण हेतु निम्नवत समिति का गठन किया जा रहा है–

**(1). विद्यालय स्तर पर गठित समिति एवं सदस्य–**

1. प्रधानाचार्य (अध्यक्ष), 2. पर्यवेक्षक, 3. परीक्षा प्रभारी (सदस्य सचिव), 4. विषय अध्यापक (सदस्य)

विद्यालय स्तर पर गठित समिति द्वारा हाई0/इण्टर परिषदीय परीक्षा 2021 के परीक्षाफल निर्माण हेतु विद्यालय में उपलब्ध छात्र–छात्राओं के अभिलेखों के अनुसार परीक्षाफल तैयार किये जाने हेतु संयुक्त रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से कार्य किया जायेगा।

**(2). केन्द्र स्तर पर गठित समिति एवं सदस्य–**

1. प्रधानाचार्य/उप नियंत्रक (अध्यक्ष), 2. पर्यवेक्षक, 3. परीक्षा प्रभारी (सदस्य सचिव), 4. अवार्ड ब्लैंक/ओ0एम0आर0 प्रभारी (सदस्य)

केन्द्र स्तर पर गठित समिति द्वारा हाई0/इण्टर परिषदीय परीक्षा 2021 के परीक्षाफल निर्माण हेतु विद्यालय स्तर से प्राप्त अभिलेखों को ओ0एम0आर0 पत्रक में स्वच्छता एवं शुद्धता का ध्यान रखते हुए अंकना की जायेगी। समस्त अभिलेखों को तैयार करने के उपरान्त पृथक–पृथक लिफाफों में सील पैक कर सम्बन्धित संकलन/उप संकलन केन्द्रों में जमा करेंगे। समस्त उप संकलन केन्द्र सील बन्द लिफाफों को सन्दर्भित केन्द्रों से प्राप्त होने उपरान्त अपने–अपने मुख्य संकलन केन्द्रों में जमा करेंगे।

समस्त मुख्य संकलन केन्द्र, उप संकलन केन्द्र से सील बन्द लिफाफों में प्राप्त सामग्री को कोठार में सुरक्षित रखेंगे। तथा समस्त सामग्री प्राप्त होने के उपरान्त परिषद कार्यालय के वाहक को उपलब्ध करायेंगे।

विद्यालय स्तर पर गठित समिति एवं केन्द्र स्तर पर गठित समिति को पारिश्रमिक के भुगतान हेतु संलग्न प्रपत्र पर उनके नाम के सम्मुख अंकित धनराशि का भुगतान अलग–अलग स्तर पर किया जायेगा। इस हेतु उक्त दोनो स्तरों से प्रपत्रानुसार कुल योग की धनराशि के पावना देयक तैयार कर परिषद द्वारा पूर्व में निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र (सूची संलग्न) से उक्तानुसार पारिश्रमिक का भुगतान संलग्न सूची के अनुसार अपने समीपस्थ मूल्यांकन केन्द्र से प्राप्त करेंगे। व्यय विवरण की एक प्रति विद्यालय स्तर एवं केन्द्र स्तर पर अभिलेख हेतु सुरक्षित रखी जायेगी तथा व्यय विवरण की दो प्रतियां पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र में पावना देयक के साथ प्रस्तुत की जायेंगी। पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र द्वारा सन्दर्भित विद्यालयों एवं केन्द्रों को भुगतान करने के पश्चात पावना देयक व्यय विवरण की प्रति सहित वर्द्धमान पंजिका 02 प्रतियों में तैयार करते हुए परिषद कार्यालय को मूल्यांकन कार्य समाप्ति के एक माह के अन्तर्गत प्रेषित करेंगे।

मुख्य संकलन एवं उप संकलन केन्द्रों के प्रभारी एवं सहायक प्रभारियों/कोठारी/ चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पारिश्रमिक के भुगतान हेतु संलग्न व्यय विवरणानुसार पावना प्रपत्र में कुल योग की राशि भरकर पारित/प्रतिहस्ताक्षर हेतु परिषद कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। व्यय विवरण प्रपत्र को पावना देयक के साथ चस्पा किया जायेगा।

परिषद द्वारा पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्रों में कार्य करने वाले मुख्य नियंत्रक/उप नियंत्रक/सह उप नियंत्रक/लिपिक/परिचारकों के पारिश्रमिक के भुगतान हेतु संलग्न व्यय विवरणानुसार पावना प्रपत्र में भरकर पारित/प्रतिहस्ताक्षर हेतु परिषद कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। व्यय विवरण प्रपत्र को पावना देयक के साथ चस्पा किया जायेगा।

**पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्रों को मूल्यांकन कार्य हेतु अग्रिम दी गयी धनराशि (02 बार) का विवरण अलग–अलग वर्द्धमान पंजिकाओं में 02–02 प्रतियों में तैयार कर परिषद कार्यालय को मूल्यांकन समाप्ति के एक माह के अन्तर्गत प्रेषित करेंगे।**

4/7/2021

| क्र0सं0 | पूर्व मूल्यांकन केन्द्र का नाम |
|---|---|
| 1 | रा0क0इ0का0 ज्वालापुर, हरिद्वार |
| 2 | रा0इ0का0 रूडकी, हरिद्वार |
| 3 | रा0 इ0का0 हरबर्टपुर, देहरादून |
| 4 | रा0बा0इ0का0 राजपुर रोड, देहरादून |
| 5 | रा0कीर्ति0इ0का0 उत्तरकाशी |
| 6 | रा0इ0का0 बडकोट, उत्तरकाशी |
| 7 | रा0प्र0इ0का0 बौराडी, नई टिहरी |
| 8 | रा0इ0का0 नरेन्द्रनगर, टिहरी |
| 9 | रा0इ0का0 कीर्तिनगर, टिहरी |
| 10 | रा0इ0का0 कोटद्वार, पौडी |
| 11 | रा0बा0इ0का0 पौडी (नगर) |
| 12 | रा0क0इ0का0 श्रीनगर, पौडी |
| 13 | रा0इ0का0 गोपेश्वर, चमोली |
| 14 | रा0इ0का0 कर्णप्रयाग, चमोली |
| 15 | रा0इ0का0 अगस्त्मुनि, रूद्रप्रयाग |
| 16 | रा0इ0का0रूद्रप्रयाग |
| 17 | कृ0न0उ0 रा0इ0का0 पिथौरागढ |
| 18 | मिशन इ0का0 पिथौरागढ |
| 19 | रा0इ0का0 लोहाघाट, चम्पावत |
| 20 | रा0बा0इ0का0 टनकपुर |
| 21 | रा0इ0का0 अल्मोडा |
| 22 | रानीखेत (मिशन) इ0का0 रानीखेत, अल्मोडा |
| 23 | रा0 इ0का0 भिक्यासैंण, अल्मोड़ा |
| 24 | वि0मो0जो0 स्मारक रा0इ0का0 बागेश्वर |
| 25 | रा0क0इ0का0 हल्द्वानी, नैनीताल |
| 26 | एच0एन0 इ0का0 हल्द्वानी नैनीताल |
| 27 | रा0बा0इ0का0 रामनगर, नैनीताल। |
| 28 | आ0ना0झा0 रा0इ0का0 रूद्रपुर, उ0सिं0नगर |
| 29 | रा0क0इ0का0 काशीपुर, उधमसिंहनगर |
| 30 | थारू रा0इ0का0 खटीमा, उ0सिं0न0 |

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर, नैनीताल

## विद्यालय स्तर पर व्यय विवरण

विद्यालय स्तर पर परिषदीय परीक्षाफल निर्माण वर्ष 2021 में कार्य करने वाले प्रधानाचार्य / पर्यवेक्षक / परीक्षा प्रभारी / विषयाध्यापक / लिपिक / चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने हेतु व्यय विवरण–

| क्र0 सं0 | पदनाम | पारिश्रमिक दर (एकल विद्यालय हेतु) केवल हाईस्कूल | देय राशि | अभ्युक्ति | पारिश्रमिक दर मिश्रित विद्यालय हेतु (हाई0 / इण्टर) | देय धनराशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाचार्य (1) | 700 | | | 1000 | | |
| 2 | पर्यवेक्षक (1) | 600 | | | 800 | | |
| 3 | परीक्षा प्रभारी (1) | 500 | | छात्र सं0 300 से अधिक होने पर अधिकतम 02 अध्यापक लगाये जा सकते है | 600 | | छात्र सं0 300 से अधिक होने पर अधिकतम 02 अध्यापक लगाये जा सकते है |
| 4 | विषय अध्यापक (प्रत्येक विषयवार) | कुल परीक्षार्थी× विषय×दर (रू0 2.00 प्रति विषय) | | | कुल परीक्षार्थी× विषय×दर (रू0 2.00 प्रति विषय) | | |
| 5 | लिपिक (1) | 300 | | | 400 | | |
| 6 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (1) | 250 | | | 300 | | |
| 7 | कार्यालय आ0 व्यय | 250 | | | 350 | | |
| | कुल योग– | | | | | | |

शब्दों में (रू0.............................................................)

## परीक्षा केन्द्र स्तर पर व्यय विवरण

परिषदीय परीक्षाफल निर्माण वर्ष 2021 के मूल्यांकन केन्द्रों हेतु परीक्षा केन्द्र स्तरीय समिति में कार्य करने वाले प्रधानाचार्य / पर्यवेक्षक / परीक्षा प्रभारी / विषयाध्यापक / लिपिक / चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने हेतु व्यय विवरण–

| क्रम सं0 | पदनाम | पारिश्रमिक दर (एकल विद्यालय हेतु) केवल हाईस्कूल | देय राशि | अभ्युक्ति | पारिश्रमिक दर मिश्रित विद्यालय हेतु (हाई0 / इण्टर) | देय धनराशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाचार्य (1) | 700 | | | 1000 | | |
| 2 | पर्यवेक्षक (1) | 600 | | | 800 | | |
| 3 | परीक्षा प्रभारी (1) | 500 | | छात्र सं0 300 से अधिक होने पर अधिकतम 02 अध्यापक लगाये जा सकते है। | 600 | | छात्र सं0 300 से अधिक होने पर अधिकतम 02 अध्यापक लगाये जा सकते है |
| 4 | एवार्ड ब्लैंक / ओ0एम0आर0 प्रभारी | कुल परीक्षार्थी× विषय×2×दर (रू0 2.00 प्रति विषय) | | ओ0एम0आर0 प्रभारी प्रत्येक विषय के लिए जोड़े में कार्य करेंगे। | कुल परीक्षार्थी× विषय×2×दर (रू0 2.00 प्रति विषय) | | ओ0एम0आर0 प्रभारी प्रत्येक विषय के लिए जोडे में कार्य करेंगे। |
| 5 | लिपिक (1) | 300 | | | 400 | | |
| 6 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (1) | 250 | | | 300 | | |
| 7 | कार्यालय आ0 व्यय | 250 | | | 350 | | |
| | कुल योग– | | | | | | |

शब्दों में (रू0.............................................................)

नोट– प्रपत्र में अंकित पारिश्रमिक की धनराशि का कुल योग निर्धारित पावना प्रपत्र में भरकर संलग्न सूची अनुसार अपने समीपस्थ पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र में भुगतान हेतु जमा करेंगे।

ह0 परीक्षा प्रभारी ह0 पर्यवेक्षक ह0 प्रधानाचार्य / उप नियंत्रक

4/7/2021

हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षाफल निर्माण वर्ष 2021 के लिए निर्धारित मुख्य संकलन/उप संकलन/ पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्रों पर कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने हेतु व्यय विवरण–

| क्रम सं0 | पदनाम | पारिश्रमिक दर | कुल देय राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| | **पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र** | | | |
| 1 | मुख्य नियंत्रक (01)– मु0शि0 अधिकारी | 3000 | | |
| 2 | प्रधानाचार्य/उप नियंत्रक (1) | 1500 | | |
| 3 | सह उप नियंत्रक (1) | 1000 | | |
| 4 | लिपिक (1) | 800 | | |
| 5 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (1) | 600 | | |
| | **मुख्य संकलन केन्द्र** | | | |
| 1 | मुख्य नियंत्रक (01)– मु0शि0 अधिकारी | 800 | | |
| 2 | उप नियंत्रक (01)–प्रधानाचार्य | 600 | | |
| 3 | कोठारी (2) | प्रत्येक 500 | | |
| 4 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (2) | प्रत्येक 300 | | |
| | **उप संकलन केन्द्र** | | | |
| 1 | उप नियंत्रक (01)–प्रधानाचार्य | 600 | | |
| 2 | कोठारी (2) | प्रत्येक 500 | | |
| 3 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (2) | प्रत्येक 300 | | |
| | कुल योग– | | | |

शब्दों में (रू0.......................................................)

नोट– पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र के उप नियंत्रक प्रपत्र में अंकित पारिश्रमिक की धनराशि का कुल योग निर्धारित पावना प्रपत्र में भरकर पारित/प्रतिहस्ताक्षर हेतु परिषद कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

विद्यालय स्तर/केन्द्र स्तर पर गठित समिति द्वारा परीक्षाफल निर्माण में किये गये कार्य के बदले पारिश्रमिक के भुगतान हेतु निर्धारित प्रारूप में अंकित धनराशि के अनुसार पावना देयक में अंकित की गयी धनराशि का मिलान कर मूल्यांकन हेतु पूर्व में निर्धारित मूल्यांकन केन्द्रों को दी गयी अग्रिम धनराशि से भुगतान कर पावना पत्र की एक प्रति सहित पूर्व निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र वर्द्धमान पंजिका 02 प्रतियों में भरकर 01 माह के अन्तर्गत परिषद कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

सह उप नियंत्रक

ह0 उप नियंत्रक

ह0 नियंत्रक